## खबर संक्षेप

### नई परिवहन नीति के विरोध में बसों की हड़ताल 2 मार्च से

**कटनी।** मप्र शासन की नई परिवहन नीति के विरोध में 2 मार्च 2026 से बसों की अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की गई है। इस संबंध में कटनी बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन द्वारा पत्रकारवार्ता आयोजित कर शासन के निर्णय का विरोध दर्ज कराया गया। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा 24 दिसंबर 2025 को लागू किए गए नए नियमों में संशोधन करते हुए 29 जनवरी 2026 से निजी बसों को अनुबंधित किए जाने की व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत शासन द्वारा प्रदेश में गठित 7 निजी कंपनियों के साथ बस संचालकों को अनुबंध करना अनिवार्य किया गया है। बस आपरेटर्स एसोशिएशन के अध्यक्ष शुभ प्रकाश मिश्र ने बताया की सरकार इस नीति से अतिरिक्त कर एवं टैक्स के साथ-साथ बसों के परमिट का नवीनीकरण अब प्रत्येक 6 माह में कराना पड़ेगा, जबकि वर्तमान में निजी बसों के परमिट 5 वर्षों के लिए स्वीकृत होते हैं और उनका नवीनीकरण भी 5 वर्षों के लिए ही किया जाता है। नई व्यवस्था से बस संचालकों पर आर्थिक एवं प्रशासनिक बोझ बढ़ेगा। बस ऑपरेटर्स ने स्पष्ट कहा कि शासन द्वारा बनाई गई नई नीति को वापस लिया जाए। यदि शासन ने मांगों पर पुनर्विचार नहीं किया तो 2 मार्च से प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी।

### पहली बार रीठी वन क्षेत्र में दिखा राजगिद्ध



**स्लीमनाबाद।** प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना 2025-26 में शीतकालीन गणना 20 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक सूर्योदय से सुबह 9.00 बजे तक किया गया है। मध्यप्रदेश में कुल 7 प्रजातियों के गिद्ध पाये जाते हैं, जिसमें से 4 प्रजातियों स्थानीय हैं एवं 3 प्रजातियाँ प्रवासी हैं। इस बार गिद्धों की गणना के लिये प्रथम बार ऑनलाइन ऐप तयार किया गया है, जिसके माध्यम से गिद्धों की गणना की जा रही है। लगभग 25 वन कर्मियों द्वारा ₹ऐप₹ के माध्यम से गणना किये जाने पर आंकड़ों के संकलन एवं रिपोर्ट तैयार करने में आसानी होगी। रीठी परिक्षेत्र के बिलहरी, कुम्हरवारा टैंक, कैना एवं इमलाज के क्षेत्रों में कुल तीनों दिन क्रमशः 12, 24 एवं 21 गिद्ध देखे गए। इनमें चारों स्थानीय प्रजातियों के गिद्ध लौंग बिल्ड वल्चर, व्हाइट रंपेड वल्चर, इजिप्शियन वल्चर एवं रेड हेडेड वल्चर पाए गए। वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश पटेल ने बताया कि इस बार की गिद्ध गणना में गिद्धों की संख्या बढ़ने के साथ साथ पहली बार रेड हेडेड वल्चर( राज गिद्ध) भी देखा गया जो कि गिद्धों के प्रति संरक्षण के प्रयासों तथा जागरूकता का प्रतीक है। गौरतलब है कि देश भर में गिद्धों की संख्या में अत्यधिक गिरावट होने के बाद वन विभाग जन जागरूकता के साथ गिद्धों के संरक्षण में कार्य कर रहा है जिसके परिणाम मिलना भी प्रारंभ हो गए है।

### नगर निगम ने अमीरगंज में अवैध कालोनी की निर्मित संरचनाओं पर चलवाई जेसीबी

# अवैध कॉलोनी निर्माण पर हुई सख्त कार्यवाही, तीन कॉलोनाइजरों पर एफआइआर दर्ज करने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम के कालोनी सेल एवं अतिक्रमण अमले द्वारा मंगलवार को अमीरगंज के अवैध कॉलोनी के प्रकरण में निर्मित संरचाओं को हटानें की कार्यवाही की गई वहीं दोपहर को अनाधिकृत कॉलोनी के निर्माण के तीन प्रकरणों पर कॉलोनाइजर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने हेतु थाना प्रभारी कोतवाली एवं माधव नगर में पत्र प्रेषित किया गया।

रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड में अमीर गंज के पास अवैध कॉलोनी निर्माण किये जाने की शिकायत पर गठित संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार को स्थल निरीक्षण के दौरान संबंधित कॉलोनी में विकास कार्य एवं निर्माण बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से कराया जाना पाया गया, जो कि नगर निगम नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि पूर्व में भी प्राप्त शिकायत पर संबंधित कॉलोनाइजर को नोटिस जारी कर संबंधित पक्ष को वैधानिक अनुमति प्रस्तुत करने एवं निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए गए थे,



किन्तु निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं पाये जाने एवं निर्माण कार्य होने की पुनः शिकायत प्राप्त होने पर स्थल निर्मित कराये जा रहे कच्चे मार्ग निर्माण को जे.सी.बी मशीन से अलग करने की कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह, उपयंत्री जेपी सिंह बघेल, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित कॉलोनी सेल एवं अतिक्रमण अमला एवं तकनीकी टीम उपस्थित रही।

#### दो थानों को भेजा गया पत्र

प्राधिकृत अधिकारी कालोनी सेल एवं कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि अवैध कॉलोनी निर्माण करने पर तीन कालोनाइजर पर प्राथमिकी दर्ज करनें हेतु थाना प्रभारी कोतवाली एवं माधवनगर को पत्र प्रेषित किया गया है। जिसमें कोतवाली थाना को प्रेषित दो पत्रों में सावरकर वार्ड अंतर्गत खसरा नंबर 607/8क, 607/5, 603, 605, 606/1, तथा 606/2 कुल रकवा लगभग 1.50 एकड़ भूमि में भू-स्वामी द्वारा लगभग 200 मीटर लंबी सड़क मलमा तथा डस्ट डालकर अवैध कॉलानी का निर्माण किया जाना पाया गया। वहीं एक अन्य प्रकरण में जगमोहन दास वार्ड चडडा कॉलेज के पीछे खसरा नंबर 462/7, 463/19 एवं 464/5 कुल रकवा 0.633 हेक्टेयर भूमि में अनाधिकृत कालोनी का निर्माण किया जाना पाया गया जो मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम 292-ग के तहत दंडनीय अपराध श्री श्रेणी मे आता है।

वहीं एक अन्य प्रकरण में थाना माधवनगर को प्राथमिकी दर्ज करने हेतु प्रेषित पत्र में उल्लेखित किया गया है कि विश्राम बाबा वार्ड अंतर्गत खसरा नंबर 1401/2/1, 1401/2 भूमि पर भू-स्वामी द्वारा छोटे-छोटे भूखंड काटकर अवैध कालोनी का निर्माण किया जाना पाया गया, जो मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 एवं मध्य प्रदेश (कॉलोनी विकास नियम 2021) के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि शहर में अवैध कॉलोनियों का विकास एवं अनधिकृत निर्माण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे प्रकरणों में निरंतर अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गिरदावरी एवं पंजीयन समस्याओं के समाधान की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

भारतीय किसान संघ (महाकौशल प्रांत) तहसील इकाई ढीमरखेड़ा ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गिरदावरी में त्रुटियों, एक से अधिक नाम दर्ज होने की स्थिति तथा किसानों के पंजीयन संबंधी दिक्कतों को प्रमुखता से उठाया।

किसान संघ ढीमरखेड़ा तहसील अध्यक्ष बसंत मिश्रा ने बताया कि कई किसानों के खातों में तीन-चार नाम दर्ज हैं, जिससे वास्तविक खेती करने वाले किसान को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में सहमति के आधार पर सही नाम दर्ज कर पंजीयन कराने की मांग की गई है। साथ ही ई-केवाईसी और ऑनलाइन पंजीयन के दौरान आ रही तकनीकी समस्याओं को दूर करने के की मांग रखी।किसानों ने बताया कि पंचायत स्तर पर पटवारियों की जो उपस्थिति सुनिश्चित करने के पूर्व में दिए गए निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है, जिससे किसानों को राजस्व संबंधी कार्यों में विलंब का सामना करना पड़ता है। संघ ने प्रशासन से शीघ्र समाधान कर किसानों को राहत प्रदान करने की मांग की है।

इस दौरान जिला प्रमुख कृषि आयाम सतीश ज्योतिषी,तहसील महामंत्री आशीष चौरसिया, ऊर्जा आयाम प्रमुख संजय ज्योतिषी, जिला कार्यकारिणी सदस्य चमन लाल पटेल, राममिलन यादव, ज्ञानचंद चौरसिया, पारस पटेल, ओमप्रकाश शुक्ला, हरेंद्र बागरी, संतोष यादव की उपस्थिति रही।

## 2 मार्च को बांधा मंदिर में होगी ब्रज की होली

**स्लीमनाबाद।** श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज में 2 मार्च सोमवार फाल्गुन पूर्णिमा होलिका दहन पर होली महोत्सव का भव्य आयोजन होगा । दोपहर 2 बजे से स्थानीय बिलहरी इमलाज के भजन मंडलों द्वारा रस भरे श्री राधा कृष्ण मय भजन होंगे । सायं 6:30 बजे भगवान की भव्य पुष्प महा आरती के पश्चात भगवान श्री राधा कृष्ण जी के साथ विविध पुष्पों एवं गुलाल के साथ होली खेली जावेगी तथा प्रसाद वितरण होगा । श्री राधा कृष्ण सेवा समिति ने भक्तजनों से महोत्सव में भाग लेने की प्रार्थना की है।

## बार-बार की समस्या दूर करने नई पाइप लाइन बिछाकर करें स्थायी समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगरपालिक निगम कटनी सीमांतर्गत सी एल पी स्कूल एवं डॉक्टर महाजन के निवास के समीप स्थित नलकूपों की पुरानी ए सी प्रेशर मेन पाइप लाइन के बार-बार क्षतिग्रस्त होने से पाठक वार्ड, रामनिवास सिंह वार्ड, फॉरेस्ट वार्ड, कवासजी वार्ड तथा वंशस्वरूप वार्ड की पेयजल आपूर्ति लगातार प्रभावित हो रही थी।

इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेते हुए निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने स्थल निरीक्षण कर शीघ्र पुरानी पाइप लाइन के स्थान पर नई एच.डी.पी.पी पाइप लाइन डाले जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान निगम अध्यक्ष श्री पाठक नें जल प्रदाय विभाग के महेन्द्र उपाध्याय एवं क्षेत्रीय नागरिकों के साथ पाइप लाइन की वस्तुस्थिति का बारीकी से जायजा लिया तथा नाली के भीतर से गुजर रही जर्जर पाईप लाइनों को भी बदलने के निर्देश दिए, जिससे भविष्य में लीकेज, प्रदूषण एवं बार-बार मरम्मत की समस्या से स्थायी समाधान मिल सके।

इस दौरान निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने कहा कि शुद्ध पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार है,किसी भी वार्ड में जल आपूर्ति बाधित होना हमारे लिए चिंता का विषय है। पुरानी एसी पाइप लाइन के कारण जो समस्या उत्पन्न हो रही है, उसका स्थायी समाधान अब एचडीपीपी पाइप लाइन के माध्यम से किया जाएगा। कार्य को प्राथमिकता के साथ शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण कराया जाए, ताकि नागरिकों को निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनसुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देना हमारा कर्तव्य है और आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। वार्डों में भ्रमण कर श्री पाठक नें स्थानीय नागरिकों से संवाद भी किया तथा उनकी समस्याएं सुनीं।

## चरवाहों और ग्राम वन समिति सदस्यों का हुआ सम्मेलन

**स्लीमनाबाद।** वन मण्डलाधिकारी कटनी गर्वित गंगवार के निर्देशन में एवं सुरेश बरोले एसडीओ कटनी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र रीठी के प्रशंसकरण केंद्र बखलेहटा में चरवाहों /समिति सदस्यों का सम्मेलन किया गया । जिसमें वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश पटेल द्वारा वन्य प्राणी की सुरक्षा ,चराई ,अग्नि सुरक्षा ,अतिक्रमण एवं मुखबिर तंत्र पर विस्तार से चर्चा की गई । साथ ही फसल हानि ,एकलब्य योजना , अन्य शासन की योजना के बारे जानकारी दी । आयोजन में लालपुरा, बखलेहटा, घूमची,नैगवा, रमपुरा, कैना,सूखा, अमगवा, सलैया, गुरजी एवं अन्य ग्रामों के चरवाहे एवं वन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



## सात दिवसीय शिविर का समापन, अनुभव किये साझा




शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी का सात दिवसीय एनएसएस का शिविर के अंतिम दिवस छात्र छात्राओं ने अपने सात दिनों के अनुभव को साझा किया ।साथ ही निस्वार्थ भाव से अपने साथियों और आस पास के लोगों , ग्रामवासी की सेवा का संकल्प लिया ।समापन समारोह में सिलौंडी चौकी प्रभारी अनिल पांडे,भाजपा युवा नेता धीरज जैन , कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद बागरी,डॉक्टर पंकज मिश्रा , डॉक्टर रश्मि सिंह ,हेमंत चौरसिया ,डॉक्टर सुदीपा जाना की विशेष उपस्थित में छात्र छात्राओं ने अपने आदिवासी बाहुल्य कचनारी गांव के सर्व जिसमें गांव के लोगों के परिवार की जानकारी उनकी समस्या और उनके समाधान पर चर्चा हुई । एनएसएस शिविर के सात दिनों में छात्र छात्राओं ने ग्रामीणों को साफ सफाई ,जल संरक्षण ,पर्यावरण संरक्षण ,बेटी पढ़ाओ आदि विषयों पर जागरूक भी किया। ग्रामीण ने छात्र छात्राओं के कार्यों की सराहना भी किया

## जन सुनवाई में प्रकरणों का त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम कार्यालय स्थित मेयर इन काउंसिल कक्ष में मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याओं पर गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनवाई की गई। सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चली जनसुनवाई में विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएँ सीधे महापौर के समक्ष रखीं।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने प्रत्येक आवेदन पर व्यक्तिगत रूप से संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन मामलों का निराकरण तत्काल संभव है, उन्हें प्राथमिकता के साथ मौके पर ही हल किया जाए। जनसुनवाई में कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 16 प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर नागरिकों को तत्काल राहत प्रदान की गई। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान सड़क मरम्मत, जल निकासी, पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण, राजस्व प्रकरण एवं प्रमाण पत्र से जुड़ी समस्याएँ प्रमुख रूप से सामने आईं। महापौर ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि नागरिकों की समस्याओं को लंबित न रखा जाए और प्रत्येक आवेदन पर पारदर्शी एवं जवाबदेह कार्यवाही की जाए।

महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल शिकायतें दर्ज करना नहीं, बल्कि परिणाम देना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक मंगलवार को नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, ताकि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि कार्यों में अनावश्यक देरी या लापरवाही पाए जाने पर जवाबदेही तय की जाएगी।

### दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले का हुआ समापन

## श्रीअन्न उत्पादों की ब्रांडिंग, मिलेट खेती के प्रति बढ़ी दिलचस्पी, तकनीक का करें प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसान बहुफसलीय खेती अपनाकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। परंपरागत फसलों के साथ अंतर्वर्तीय फसलें एवं हाई वैल्यू क्रॉप्स का समावेश किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बना सकता है। यह बात कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र पिपरौंध में मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला के समापन अवसर पर कही।

कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसान खेती के साथ-साथ आय बढ़ाने के उद्देश्य से पशुपालन एवं मत्स्यपालन जैसे कार्यों को भी अवश्य करें। उन्होंने कृषकों को सिंचाई के लिये स्प्रिंकलर पद्धति का




अधिकाधिक उपयोग करने के लिये प्रेरित करते हुये कहा कि किसान भाई अपने कृषि रकबे के छोटे भाग में कृषि की नवीन तकनीकों का उपयोग कर प्राकृतिक व जैविक खेती, सब्जी उत्पादन आदि के माध्यम से होने वाली आर्थिक लाभ का स्वयं आकलन करें और खेती में उन्नत कृषि तकनीकों एवं उपकरणों को भी अपनायें।

मेला स्थल में मानव जीवन विकास समिति द्वारा श्री अन्न के बनाये लजीज व्यंजन और जायकों के लोग मुरीद हो गये। इस स्टॉल में जायकों के शौकीनों की भीड़ उमड़ी, जहां लोगों ने महुआ की पूड़ी, कोदो की खीर, कोदो का पुलाव, दही, धनिया-टमाटर की चटनी, रागी के आटे के हलवे के स्वाद का लुत्फ लिया। साथ ही सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी खींची।

कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा कोदो, कुटकी एवं अन्य मिलेट के उत्पादों के स्टॉल लगाये गये। उद्यानिकी विभाग द्वारा जैविक बैंगन, धनिया पत्ती, मूली, हल्दी, सेम, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गुड़ के गुलगुले, मुनगा के पराठे, मुनगा की पूरी, मुनगा के भजिये, सोया बर्फी, तिल-मूंगफली के लड्डू, मोटे आनाज जैसे बाजरा, ज्वार, रागी, रामदाना, कोदो, जो, मक्का की प्रदर्शनी लगाई गई। इसी प्रकार मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन द्वारा रागी, कोदो, कुटकी, करहोना धान, काला गेंहू, मकई, मूंग, ओम शांति स्व-सहायता समूह द्वारा हैण्डलूम स्वदेशी खादी वस्त्र, मानव जीवन विकास समिति जैव संसाधन केंद्र द्वारा आग्नयास्त्र, हींगास्त्र, ब्रम्हास्त्र, नीमास्त्र, फूल वर्धक टॉनिक की प्रदर्शनी लगाई गई।

### होली, धुरेड़ी, रामनवमी, ईद आदि पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

# आपसी भाईचारे से साथ मनाये पर्व, जिले में बनाये रखे शांति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में होली, धुरेड़ी, नवरात्रि, रामनवमी, चैत्री चांद झूलेलाल जयंजी, ईद-उल-फितर आदि पर्व शांति एवं सद्भावनापूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से विचार-विमर्श के लिये कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई ।

बैठक में समिति के सदस्यों से आगामी पर्वों के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई और सुझाव लेते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये । इस संबंध में शांति समिति और जिला प्रशासन द्वारा जिले के नागरिकों से सभी त्यौहारों को शांति,



सद्भावना और सौहार्द्र के साथ मनाये जाने की अपील भी की गई ।

संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि आगामी 3 मार्च को होलिका दहन और 4 मार्च को रंग उत्सव (धुरेंडी) तथा रंग पंचमी मनाने की जानकारी दी। शांति समिति के सदस्यों ने 27 मार्च को जवारा विसर्जन और 28 मार्च को रामनवमी के जुलूस के दौरान सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का आग्रह किया।

कलेक्टर ने सभी समुचित प्रबंध कराने अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि होलिका दहन के दौरान मुख्य सड़कों और बिजली के तारों के नीचे और ट्रांसफार्मर के पास होलिका जलाने से बचें। हरे-भरे पेड़ों की कटाई न करें। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का अनधिकृत उपयोग न किया जाए। ईद-उल-फितर पर्व की जानकारी देते हुए संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि ईद-उल-फितर का पर्व 21 मार्च 2026 को मनाया जाएगा।

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि कटनी जिले में किसी भी त्यौहार को शांति और सद्भावनापूर्ण ढंग से मनाये जाने की बहुत अच्छी परंपरा है तथा इस जिले में समाज के सभी वर्गों के लोग मिलजुलकर सहयोग करते हैं और किसी भी समस्या के निदान के लिये सदैव तत्पर भी रहते हैं जो अनुकरणीय है। कलेक्टर ने कहा कि जिले की पहचान आपसी भाईचारे एवं सांस्कृतिक समरसता से है, जिसे बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के जुलूस, रैली, मेला या सार्वजनिक आयोजन हेतु पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। आयोजन की संपूर्ण जवाबदेही आयोजन समिति की रहेगी। अनुभाग एवं थाना स्तर पर भी शांति समिति की बैठक आयोजित कर स्थानीय स्तर पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएं।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, एसपी अभिनय विश्वकर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, एएसपी संतोष डेहेरिया, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## दिन का बढ़ता तापमान जल्द पकाएगा फसलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

मौसम में हुए बदलाव से अब सर्दी की रवानगी व गर्मी की दस्तक का अहसास होने लगा है। एकाएक बढ़ते तापमान के बीच फसलों में समय से पहले पकने से उसके उत्पादन पर प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि अभी रात में ठंड बरकरार है। जिससे फिलहाल फसलों को ज्यादा खतरा नहीं है।हालांकि अब मौसम के तेवर तीखे देखने को मिलेंगे। आगामी दिनों में दिन का तापमान और बढ़ेगा।मौसम बदलाव से हर दिन तापमान भी बढने लगा है। अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम में आए बदलाव के बीच ऐसा लगने लगा कि गर्मी इस बार जल्दी शुरू हो जाएगी। किसानों का कहना है कि मौसम बदलाव के चलते वातावरण में आई गर्मी के बीच फसलों में जहां पानी की जरूरत अधिक पड़ेगी,



वहीं फसलों का उत्पादन भी प्रभावित होगा। चना व मसूर की फसल घेंटी व दाना भरने की अवस्था पर है, जबकि गेहूं की फसल गभोट व बालियों में दाना पडने की अवस्था पर है तो कही-कही बालियां भी आ गई है।

बहोरीबन्द कृषि विभाग के एसएडीओ अमर सिंह एमा ने कहा की विकासखण्ड क्षेत्र मे 30 हजार हैक्टेयर मैं रबी सीजन की खेती की गई है।वर्तमान मे हुए मौसम बदलाव के चलते किसानों को यह सलाह दी गई है कि जहां गेहूं की फसल गभोट व बाली निकलने की अवस्था पर है, वहां पर एनपीके 18:18:18 या 19:19:19 मात्रा 1 किग्रा 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडक़ाव करें।जहां गेहूं की फसल बालियों में दाना पडने की अवस्था पर है, वहां पर एनपीके 0:52:34 या 0:0:50 मात्रा 1 किग्रा 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडक़ाव करें।चना व मसूर में उक्ठा रोग से पौधें सूखने पर नियंत्रण के लिए जैविक फफूंद नाशक ट्राइकोडर्मा विरिडी 500 ग्राम मात्रा को 10-12 तगाड़ी सड़ी हुई गोबर की खाद में मिलाकर खेतों में डालें।चने की फसल में इल्ली के नियंत्रण के लिए प्रोफेनोफॉस 50 ईसी या क्विनालफॉस 25 ईसी 1.5 लीटर/हैक्टेयर प्रयोग करें।

## खबर संक्षेप

### कार्य सुचारू रूप से किये जाने 5 दिनों तक यातायात रहेगा बाधित

**कटनी।** कटनी ग्रेड सेपरेटर परियोजना के कार्य सुचारू रूप से कार्य किये जाने हेतु शनिवार 28 फरवरी रात्रि 11 बजे से प्रातः 5 बजे तक गाडर के परिवहन हेतु यातायात बाधित रहेगा। अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की आपातकालीन सेवा प्रभावित न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। उक्त मार्ग से किसी भी प्रकार का आपात कालीन वाहन गुजरने पर उसे अविलम्ब सुरक्षित निकाला जायेगा। कार्य स्थल के दौरान कार्य स्थल के दोनो ओर कंपनी के व्यक्ति खडे.होने चाहिये एवं दोनो ओर कार्य प्रारंभ का बैनर लगा होना चाहिये। कार्य स्थल के दौरान स्थल से संबंधित थाना से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही से अवगत कराना चाहिये। कार्य के दौरान सुरक्षा के पूर्ण प्रबंधन होने चाहिये ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हो। विदित हो कि ए. उमामहेश्वर राव प्रोजक्ट हेड लार्सन एंड ट्यूबरो द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे (पीकेजी-1) की कटनी ग्रेड सेपरेटर परियोजना के अंतर्गत जिले के न्यू कटनी जंक्शन कटनी मुड़वारा यार्ड के ऊपर से गुजरने वाले डीएन लाइन रेल्वे ग्रेड सेपरेटर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

### युवा संगम के आयोजन में कटनी 5 अग्रणी जिलों में शामिल

**कटनी।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन पर जिले में युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में आकांक्षी युवाओं के लिये उत्कृष्ट कार्य पर रोजगार आयुक्त ने कलेक्टर श्री तिवारी की प्रशंसा की है। जिले में रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने के मामले में कटनी जिला प्रदेश के 5अग्रणी जिलों में शामिल हैं। रोजगार आयुक्त, गिरीश शर्मा ने प्रशंसा पत्र में कलेक्टर श्री तिवारी के बहुमूल्य योगदान की सराहना करते हुये कहा है कि ₹आपके नेतृत्व में किया गया कार्य प्रशंसनीय है, भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा है।₹ जिले में युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले के व्यापक आयोजन के मामले में कटनी जिला प्रदेश में चौथे स्थान पर है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि इस वर्ष अप्रैल से अब तक 9 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है। जिसमें करीब ढाई हजार युवाओं का प्राथमिक चयन कर उन्हें ऑफर लेटर वितरित किये गये। वहीं अप्रेंटिसशिप के लिये 325 आवेदकों का चयन किया गया। इसी प्रकार स्वरोजगार हेतु 2 हजार 700आवेदकों को रोजगार मेले के माध्यम से ऋण वितरित किये गये।

### नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित

**कटनी।** आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला न्यायालय में संजय कुमार गुप्ता द्वितीय जिलान्यायाधीश की अध्यक्षता में का बैठकआयोजन किया गया। उक्त मीटिंग में ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से एल0डी0 चन्दवानी, चोला मण्डलम इंश्सोरेंस कंपनी से प्रीतम धाकड, टाटा ए.आई.जी. इंश्सोरेंस कंपनी से रोहित राय, एचडीएफसी इंश्सोरेंस कंपनी से प्रियांशी त्रिपाठी एवं बजाज ऐलियांज इंश्सोरेंस कंपनी से पवन प्रजापति, सभी बीमा कंपनियों के अधिकारीगण व्ही0सी0 के माध्यम से उपस्थित रहें, एवं बीमा कंपनी के अधिवक्तागण एवं क्लेमेंट अधिवक्तागण उपस्थित रहे। संजय कुमार गुप्ता जिला न्यायाधीश के द्वारा बीमा कंपनी के अधिकारियों से वन टू वन चर्चा की गयी एवं न्यायालय में लंबित मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण कराये जाने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये, एवं बीमा कंपनी के अधिकारीगण द्वारा अधिक से अधिक संख्या में क्लेम प्रकरणों के निराकरण कराये जाने का अश्वासन दिया। सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी एवं हर्षित बिसने जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा आमजनपक्षकारों से अपील की है।

---

ई रिक्शा के रूट तो बनाये गए लेकिन अमल नहीं, बेलगाम रेलमपेल से हो रही फजीहत

# कागजी योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारने जिम्मेदार नहीं जुटा पा रहे हिम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सुगम यातायात के लिए प्रशासनिक स्तर पर योजनायें बनाकर नवाचार तो किये जाते हैं लेकिन उनको मैदानी स्तर पर अमल में लाने में हिम्मत नहीं जुटा पाते। मौजूदा समय में फुटपाथ पर अस्थायी अतिक्रमण कर कारोबार करने वालों पर हो रही कार्यवाही एवं सेंट्रल पार्किंग व्यवस्था समाप्त होने के बाद काफी हद तक आवागमन में राहत मिली है लेकिन करीब डेढ़ दो साल पहले ई रिक्शा का रूट तय करने बनाई गई योजना को आज तक अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका। लिहाजा दिनों दिन ई रिक्शा की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है और शहर में मनमाने तौर पर बेतरतीब दौड़ रहे वाहनों से जाम की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है।

शहर का अराजक यातायात लोगों का सिरदर्द बन गया है। मुख्य मार्ग सहित तिराहे चौराहों दिन भर जाम की स्थिति से वाहन चालकों की फजीहत हो रही है। नगर के व्यस्ततम क्षेत्रों में से शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र हो जहां समस्या न हो।

शहर के अधिकांश मार्ग में जाम की समस्या से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। मार्गों में दिन भर जाम लग रहा है। ई रिक्शा से लेकर चार पहिया वाहन दिन भर शहर की सड़कों में धमाचौकड़ी मचाते हुए यातायात व्यवस्था खराब कर दिया है। शहर में आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। पर्वों के दौरान यह समस्या और बढ़ जाती है।

मुख्य मार्ग में जाम की समस्या को कम करने के लिए सवारी आटो को कोतवाली तिराहे से मार्ग डायवर्ट कर संचालन की अनुमति प्रदान की गई है जबकि चारपहिया वाहनों पर यह आदेश बेअसर है। शहर के मुख्य तिराहे व चौराहे अस्थायी पार्किंग स्थल बन चुके हैं। मुख्य स्टेशन से सुभाष चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर ई रिक्शा वाहनों की दिन भर धमाचौकड़ी रहती हैं, जिसके कारण भी आवागमन प्रभावित होता है।ई रिक्शा चालकों के लिए रूट सिस्टम बनाया गया था लेकिन धरातल पर वह नजर नहीं आ रहा।

### योजना के तहत ये बना था रूट

रूट क्रमांक-1 पर हरे रंग के ई-रिक्शा चलेंगे जो स्टेशन से सराय मोहल्ला के रास्ते ई रिक्शा ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, सिविल लाइन, मुड़वारा स्टेशन, मिशन चौक से माधवनगर गेट होते हुए पीरबाबा तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-2 पर लाल रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, कचहरी चौक, कोतवाली तिराहा, मिशन चौक, आजाद चौक, कैलवारा मोड़ से होते हुए इंदिरा ज्योति कालोनी तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-3 पर आसमानी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से बरही रोड, गर्ग चौराहा, आदर्श कालोनी, चड्डा कॉलेज से होते हुए प्लेटफार्म क्रमांक 5 तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-4 पर नारंगी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 से गायत्री नगर, बाबा घाट, कटनी साउथ, डीजल लोको शेड से होते हुए एनकेजे बजरिया तक जाएंगे। रूट क्रमांक-5 पर सफेद रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये प्लेटफार्म क्रमांक 5 से जुहला-जुहली की ओर चलेंगे।

रूट क्रमांक-6 पर पीले रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये कटनी साउथ से मिशन चौक, मुड़वारा स्टेशन, सिविल लाइन, व्हीआईपी रोड, रेलवे स्टेशन, आयुध निर्माणी, एसीसी होते हुए माधवनगर तक जाएंगे।

---



## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच कर दी दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

नवांकुर संस्था राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ के सहयोग से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 1790 से अधिक मरीजों का परीक्षण एवं उपचार किया गया। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आए बुजुर्ग महिलाएं और युवाओं ने शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान 110 मरीजों की रक्त जांच की गई तथा 50 मरीजों के एक्स रे किए गए। नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया। शेष सभी जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार के मार्गदर्शन में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। डॉ. धनेश्वरी सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. डेनियल परमार, डॉ. धनंजय माझी सर्जन एवं नेत्र सहायक संजीव श्रीवास्तव ने सक्रिय भूमिका निभाई राहत समर्पण सेवा समिति एक पंजीकृत गैर सरकारी संगठन है जो विजयराघवगढ़ जिला कटनी से संचालित होकर स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पोषण, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है।

ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर नेत्र जांच अभियान रक्तदान शिविर महिला जागरूकता कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण अभियान समिति की प्रमुख गतिविधियों में शामिल हैं।

समिति के अध्यक्ष शारदा प्रसाद साहू ने कहा कि यह आयोजन केवल एक स्वास्थ्य शिविर नहीं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने सिविल अस्पताल प्रशासन एवं चिकित्सकीय टीम के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं 124 लोगों की समस्यायें

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 124 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंह उइके, जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई के दौरान नीरज गुप्ता ने कलेक्टर श्री तिवारी को अपनी शिकायत में बताया कि स्लीमनाबाद में टनल निर्माण हेतु मेरी दुकान एवं मकान सुरक्षा की दृष्टि से खाली कराया गया था। विस्थापन के समय मुझे कुछ राशि दी गई थी। मैंने व्यापार हेतु बैंक से लोन लिया था, जिसकी इस महीने की किश्त बाउंस हो गई है। व्यापार पुनः चालू करने एवं मकान सुधार हेतु विस्थापन में दी जाने वाली सहायता राशि दिलाई जाये। इस पर कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी और एनव्हीडीए के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान विजयराघवगढ़ निवासी मनीराज शुक्ला ने कलेक्टर श्री तिवारी को अपनी शिकायत में बताया कि मैनें 2 अगस्त 2025 को जमीन का नामांतरण करवाने के लिए तहसील कार्यालय में आवदेन किया था। परंतु अभी तक मेरा नामांतरण नहीं हो सका है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने विजयराघवगढ़ तहसीलदार को मनीराज शुक्ला के जमीन का नामांतरण करवाने के निर्देश दिए।

हीरापुर कौड़िया निवासी शकुंतला ने कलेक्टर श्री तिवारी को आवेदन देते हुए बताया कि मैनें बकरी पालन हेतु ऋण के लिए पशुपालन विभाग में आवेदन दिया था, परंतु विभाग के कई चक्कर लगाने के बावजूद अभी तक ऋण नहीं मिल सका है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने पशुपालन विभाग के उपसंचालक को पात्रतानुसार ऋण दिलाने के निर्देश दिए।

बड़वारा निवासी सुशील कुमार तिवारी ने कलेक्टर को आवेदन देते हुये बताया कि मेरे पिता राम सुरेश तिवारी जनपद पंचायत बड़वारा में पीसीओ के पद पर पदस्थ थे और वर्ष 2021 में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। परंतु उनका सातवां वेतनमान और समय वेतनमान का एरियस का भुगतान अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिये।

---

## शिविर के माध्यम से शिकायतों का किया निराकरण




मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला परिवहन कार्यालय, कटनी में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण हेतु विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 13 शिकायतों का मौके पर निराकरण कर आवेदकों को त्वरित राहत प्रदान की गई। लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पाल ने बताया कि प्रत्येक प्रकरण पर वन-टू-वन चर्चा कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच करते हुए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की गई। शिकायतकर्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्यालय परिसर में टेंट के माध्यम से छायादार बैठक व्यवस्था एवं स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी। श्री पाल ने कहा कि परिवहन प्रशासन का प्रयास है कि जनसुनवाई प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाया जाए, ताकि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण हो तथा शासन-प्रशासन के प्रति नागरिकों का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

---

## रैली निकाल ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा के प्रभारी प्राचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी, दलनायक अभिषेक कुमार, उप-दलनायक दीनदयाल चक्रवर्ती के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शासकीय प्राथमिक विद्यालय सनकुई, तहसील आयोजित किया गया है। पॉंचवे दिन स्वयं सेवकों ने प्रातः काल प्रभात फेरी निकाली, व्यायाम, प्राणायाम, योग एवं परेड का अभ्यास किया, इसके पश्चात मतदाता जागरूकता रैली वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। जन-जन की है यही पुकार, वोट डालो अबकी बार। हम सब ने यह ठाना है, वोट डालने जाना है। नारे लगाते हुए गांव में भ्रमण किया और अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहने और अपने मत का उचित प्रयोग करने पर चर्चा की और रामकिशन, रितिक, अर्जुन, शिवा, सोहन, अनुज कुमार लोधी, रामकेश अभिषेक कुमार लोधी अभिजीत कुमार लोधी रोहित कुमार लोधी अनिल कुमार लोधी के साथ अन्य ग्रामीण जनों को मतदाता शपथ दिलाई गई। बौद्धिक सत्र में रेशमा पटेल और चंद्र कुमार ने बैज लगाकर अतिथियों का स्वागत किया, इसके उपरांत लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका विषय पर शासकीय प्राथमिक शाला सनकुई के अध्यापक भुवनेश्वर बर्मन ने अपने विचार रखे। इसी क्रम में श्री अजय पटेल ने स्वयंसेवकों को शिविर में अनुशासन, टीमवर्क की महत्वता पर अपने विचार रखे। श्री अश्वनी पटेल ने भी स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए अपने छात्र जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सक्रिय स्वयंसेवक रहते हुए अपने अनुभवों को साझा किये।

---

स्वच्छता के जनक के रूप में याद किये गये संत गाडगे महाराज

## मेधावी विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रजक समाज जन जागृति विकास समिति नेतृत्व में संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम ऑडिटोरियम नया बस स्टैण्ड कटनी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रेल्वे स्टेशन से सुभाष चैक, मिशन चैक, आजाद चैक होते हुए नया बस स्टैण्ड नाच गाने के साथ भव्य वाहन रैली निकाली गई। प्रतिभा सम्मान और वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान समारोह हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य संत गाडगे बाबा के स्वच्छता, समाज सुधार और मानव सेवा के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

मुख्य वक्ता के रूप में रामस्वरूप ने अपने उद्बोधन में कहा कि गाडगे बाबा के विचारों से प्रभावित होकर आज देशव्यापी स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई है। इसी क्रम में संतोष रजक ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि एक संस्कार है। आज कटनी शहर स्वच्छता के मामले में प्रदेश में अपना स्थान अर्जित किया है। यह हमारे सामूहिक प्रयासों का परिणाम है, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि स्वच्छता की यह प्रेरणा संत बाबा गाडगे जैसे महापुरूषों से ही मिली है। समिति उपाध्यक्ष प्रेमलाल रजक ने कहा कि उन्होंने समाज को संगठित रहने का संदेश देते हुए आज जातिगत राजनीति के माध्यम से समाज को बांटने की कोशिशें हो रही हैं। ऐसे में हमें सजग और एकजुट रहने की प्रेरणा मिलती है।

### इनका हुआ सम्मान

समिति द्वारा समाज के 15 वरिष्ठ समाजसेवियों को सम्मानित करते हुए कक्षा दसवीं के 12 छात्र-छात्राऐं और कक्षा 12 के 9 छात्र-छात्राऐं सहित राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तर के 11 खेल प्रतिभाओं को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से प्रोत्साहित कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। इसी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन रामाधार रजक और समिति सचिव भारत रजक के द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

---

दुकानदारों को सामग्री बाहर नहीं रखने दी समझाइश

## लंबित प्रकरणों पर प्रभावी कार्यवाही के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



वित्तीय वर्ष की समाप्ति को लेकर नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर निगम प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे शिविरों की श्रृंखला में मंगलवार को नगर के दो स्थलों बस्ती एवं माधव नगर में आयोजित किए गए वसूली शिविरों का निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने औचक निरीक्षण कर गठित दल को कर वसूली के प्रयासों में गति लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक सहित राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

शिविर स्थलों के निरीक्षण के दौरान उपस्थित वसूली दल से वार्ड की कुल डिमांड, अब तक की जा चुकी वसूली तथा शेष करों की वसूली हेतु किए जा रहे जमीनी प्रयासों की जानकारी, वसूली कार्य हेतु उपलब्ध पीओएस मशीन की जानकारी ली गई।

कर वसूली हेतु संधारित सूची के अवलोकन के दौरान निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कम वसूली पाए जाने पर निगमायुक्त ने दल के कर्मचारियों को वार्डों के बड़े बकायादारों से डोर टू डोर संपर्क कर लंबित बकाया राशि शीघ्र जमा कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने मैदानी अमले को सक्रिय रहकर करदाताओं को जागरूक करने तथा लंबित प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने की हिदायत भी दी।

माधव नगर में नारायण बेकरी के सामने आयोजित शिविर स्थल के निरीक्षण के दौरान, पहुंचे क्षेत्रीय व्यवसायियों से संवाद कर उनकी बजाया कर संबंधी समस्याएं सुनते हुए नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारी को दिए। इस दौरान निगमायुक्त ने व्यवसायियों से दुकानों के बाहर सार्वजनिक मार्ग में सामग्री रखकर आवागमन बाधित कर व्यवसाय नहीं करने की बात भी कही।

शिविर निरीक्षण के दौरान बकाया कर जमा करने हेतु पहुंचे नई बस्ती, रोचलानी चौराहा निवासी रमेश कुमार वाधवानी सहित अन्य माधवनगर के करदाताओं से शिविर के माध्यम से प्रदाय की जाने वाली सेवा की जानकारी लेते हुए निगमायुक्त सुश्री परिहार ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ई-नगरपालिका ऐप डाउनलोड कर निगम के बकाया करों का सरल एवं त्वरित भुगतान करने हेतु उन्हें प्रेरित किया गया।

---

## मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की 196 महिला अभ्यर्थियों का फिजिकल एवं मेडिकल टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भारतीय सेना में शामिल होने की ख्वाहिश के साथ झिंझरी स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की 196 महिला अभ्यर्थियों का फिजिकल और मेडिकल टेस्ट हुआ। इस भर्ती रैली में 15 जिलों के प्रतिभागी युवाओं ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि कटनी में 13 फरवरी से 24 फरवरी तक आयोजित हुई अग्निवीर भर्ती में 15 जिलों के 5 हजार 374 उन युवाओं को आमंत्रित किया गया था। जिसमें से सभी दिनों को मिलाकर करीब 4 हजार प्रतिभागियों ने अग्निवीर भर्ती में शामिल होकर फिजिकल और मेडिकल टेस्ट दिया और दस्तावेजों का सत्यापन कराया।

अग्निवीर भर्ती रैली के माध्यम से सेना में जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क और ट्रेडसमेन आदि पदों के लिए चयन किया जाएगा। रैली में शामिल होने वाले अभ्यार्थियों को नवीन पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल से लिंक आधार नंबर सहित वांछित सभी दस्तावेज लाना अनिवार्य है।

सेना में अग्निवीर (पुरुष) जीडी, क्लर्क, एस. के. टी., टेक्निकल, ट्रेडस्मैन (8वीं व 10वीं), महिला सेना पुलिस एवं स्थाई पद नर्सिंग असिस्टेंट,नर्सिंग असिस्टेंट (वैट) और सिपाही फार्मा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई है। आवेदन की प्रक्रिया 1 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी। इसकी अधिसूचना इंडियन आर्मी वेबसाइट www.joinindiarmy.nic.in पर उपलब्ध हैं।

इस बार सेना भर्ती के लिए आयु सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है, इसमें 01 जुलाई 2005 से 01 जुलाई 2009 के बीच जन्में युवा अग्निवीर पद के लिए और स्थाई पद के लिए 01 जुलाई 2004 से 01 जुलाई 2009 के बीच जन्में युवा ही पंजीकरण कर सकेंगे।

## खास बातें

### कलेक्टर की जनसुनवाई में ग्रामीणों ने उठाईं मूलभूत सुविधाओं की मांग

**छतरपुर।** मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में ग्राम बर्बसपुरा पंचायत भवानीपुर तहसील चंदला में राजस्व के ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर आवेदन सौंपा। ग्रामीण मूलचंद यादव ने बताया है कि बर्बसपुरा में लगभग 125 से 200 तक हरिजन एवं गरीब परिवार निवास कर रहे हैं, जिनके पास आज तक राजस्व अभिलेखों में भूमि का स्पष्ट दर्जा नहीं है। इस संबंध में पूर्व में एसडीएम एवं तहसील कार्यालय में भी आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका।

### निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ नौगांव जेल में आयोजन, 51 नेत्र रोगियों का हुआ जांच परीक्षण

**छतरपुर।** नगर में हमेशा से ही श्री सदगुरु सेवा ट्रस्ट चित्रकूट के द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर के आयोजन होते रहते हैं। इसी कड़ी में श्री सदगुरु सेवा ट्रस्ट द्वारा निशुल्क शिविर का आयोजन स्थानीय जेल में किया गया। नेत्र शिविर की शुरुवात पूजा अर्चन से हुई। निशुल्क नेत्र शिविर में सभी बंदियों की जांच की गई और दवा वितरित की गई। बताया जाता है कि नगर की उपजेल नौगांव में निशुल्क नेत्र शिविर में कुल 51 लोगों की जांच की गई। इसके उपरांत जिन लोगों को चश्मा बताया गया है उनको 7 दिवस के बाद नंबर वाले चश्मा वितरित किए जाएंगे। करीब 20 लोगों को यह चश्मे वितरित किए जाएंगे। तो वहीं अन्य बंदियों को दवा वितरित की गई। नेत्र शिविर में इन डॉक्टरों ने की जांच जिनमें डॉक्टर अरविंद मिश्रा, राहुल लखेरा, श्री पांडे उपस्थित रहे।

### पुलिसकर्मी पर लगाए गंभीर आरोप

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान एक अनोखा मामला सामने आया। जय बाबा टेंट हाउस के संचालक पवन सोनी ने एक पुलिसकर्मी पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि खजुराहो में प्रधानमंत्री के आगमन पर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान उनके टेंट हाउस द्वारा ओरछा रोड थाना क्षेत्र में बिस्तर और गद्दे उपलब्ध कराए गए थे।

उप तहसील परिसर मडियादो में हुआ आयोजन

# संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

उप तहसील परिसर मडियादो में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मडियादो, रजपुरा , चोरइया , कल्कुआ, दमोतीपुरा, नारायणपुरा, घोघरा, अमझीर, वर्धा, निवास, मादो सहित 21 पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए। इसी क्रम में पशु चिकित्सा, राजस्व, जनपद, उद्यानिकी, महिला वाल विकास, स्वास्थ्यविभाग से कर्मचारी उपस्थित रहे जिन्होंने मौके पर आए हितग्राहियों को लाभान्वित किया। सभी विभागों द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी सांझा की गई ओर उपस्थित जन समूह से लाभ लेने की अपील की गई। शिविर दौरान लाभान्वित हितग्राहियों को स्वामित्व , लाडली योजना, वृद्धा पेंशन, सहित अन्य योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जनपद सीईओ संजीव गोस्वामी ने पंचायत उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिविर में जनता की अधिक अधिक सहभागिता हो इसके लिए प्रयास करे। हितग्राही योजनाओं का लाभ प्रत्येक घर तक पहुंचे इस दिशा में कार्य करे। जनप्रतिनिधियों के द्वारा जो समस्याएं बताई गई है उनका निराकरण किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया कि कटाई का मौसम होने व मौसम परिवर्तन के चलते अधिक लोग शामिल नहीं हो पाए। बाकी सभी जरूरतमंद हितग्राही शिविर में उपस्थित हुए वरिष्ठ डॉ रामगोपाल सोनी ओर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मडियादो अभिषेक जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश चौदह द्वारा शिविर की सार्थकता ओर उससे मिले लाभ की सराहना की। साथ ही सभी विभागों से अपील की वह ऐसे अभियानों का



जोर शोर से प्रयास करे ताकि हर व्यक्ति हमारे शिविर का भाग बने। इस दौरान महिला वाल विकास से मिनी अर्पिता नाथन परियोजना अधिकारी हटा, नायब तहसीलदार राजेश सोनी, स्वास्थ विभाग से श्रीराम गोस्वामी, सहित जनपद उपाध्यक्ष राजकुमारी छिरोलिया, सरपंच राधारानी अहिरवार, देवेंद्र तिवारी, अनमोल छिरौ रामकरन अहिरवार संतोष अग्रवाल, सचिव धुन सिंह सहित अन्य लोग शामिल

## शिविर लगाकर प्रथम चरण में दर्ज 1656 आवेदनों में से निराकरण हेतु शेष 214 आवेदनों के हुये निराकरण

**दमोह।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत क्लस्टर स्तरीय शिविर जनपद पंचायत दमोह अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन टौरी में आयोजित किया गया। शिविर में टौरी क्लस्टर अंतर्गत 23 ग्राम पंचायतों में चले अभियान के तहत 12 जनवरी 2026 से अभी तक दर्ज विभिन्न विभागों से संबंधित सेवाओं/योजनाओं के 1656 आवेदनो पर कार्यवाही




की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हलधर मिश्रा ने बताया अभियान अन्तर्गत प्रदेश शासन के 21 विभागों की चिन्हित 106 सेवाओं/योजनाओं को सम्मिलित किया गया है। 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक अभियान के प्रथम चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर में घर घर जाकर आवेदन प्राप्त किये जाकर पोर्टल पर दर्ज किये गये। उन्होंने बताया अभियान के द्वितीय चरण 16 फरवरी से 15 मार्च 2026 तक क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाकर प्रथम चरण में दर्ज 1656 आवेदनों में से निराकरण हेतु शेष 214 आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की गई। शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों के 66 नवीन आवेदन प्राप्त हुये जिनमें से 22 आवेदन शिविर में ही निराकृत कर दिये गये। शिविर में विभिन्न योजनांतर्गत 40 हितग्राहियों को स्वीकृत प्रकरणों के सामाजिक न्याय एवं निःशक्त विभाग से पेंशन एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता स्वीकृत पत्रक,स्वास्थ्य विभाग से आयुष्मान कार्ड, राजस्व विभाग से स्वामित्व अभिलेख, गरीबी रेखा प्रमाण पत्र आदि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शिविर स्थल पर ही वितरित किये गये। शिविर में जनपद पंचायत दमोह अध्यक्ष श्रीमती प्रीति कमल सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य श्रीमती मोहिनी मुकेश जैन, ग्राम पंचायत अभाना सरपंच गोविंद सिंह, ग्राम पंचायत टोरी सरपंच हेमराज सिंह, ग्राम पंचायत सागोनी कला सरपंच मुकेश सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दमोह हलधर मिश्रा, सहायक यंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर, बीपीओ भोजराज दुबे, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी प्रतीक्षा सिंघई, राजस्व निरीक्षक सूरज पाठक, उपयंत्री डीडी बेन, उपयंत्री आरिफ खान महेंद्र अहरवाल, स्वतंत्र जैन, भरत सिंह ठाकुर,जितेंद्र अहिरवाल, गनेश असाटी, दिनेश पटेल तथा विभिन्न विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## नरसिंहगढ़ एवं इमलाई स्थित हाईडलबर्ग सीमेंट फैक्ट्री से 1000 मीटर सीमा के दायरे में प्रतिबंधात्मक आदेश पारित

**दमोह।** नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के प्रतिवेदन पर अनुविभाग पथरिया अंतर्गत ग्राम नरसिंहगढ़ में स्थित हाईडलबर्ग सीमेंट फैक्ट्री नरसिंहगढ़ से 1000 मीटर सीमा के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी पथरिया निकेत चौरसिया ने प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है। पारित आदेशानुसार अनुविभाग पथरिया तहसील पथरिया अंतर्गत ग्राम नरसिंहगढ में स्थित हाईडलबर्ग सीमेंट फैक्ट्री नरसिंहगढ़ परिसर से 1000 मीटर की सीमा के दायरे में कोई भी व्यक्ति, संगठन, संस्था या समूह बिना अनुविभागीय दण्डाधिकारी अथवा सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का धार्मिक प्रदर्शन, सामाजिक प्रदर्शन, जूलूस रैली, शौभायात्रा ज्ञापन सभा अथवा सामूहिक आयोजन आदि नहीं करेगा। सार्वजनिक स्थलो पर धार्मिक प्रदर्शन, सामाजिक प्रदर्शन, नारेबाजी, पोस्टर, बैनर, ध्वनि, विस्तारक यंत्रों का उपयोग तथा किसी भी प्रकार का उकसाने वाला भाषण या प्रचार प्रसार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर किसी दल, धर्म जाति, संस्था या व्यक्ति के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री साझा नहीं करेगा। जारी आदेश में कहा गया है थाना प्रभारी, थाना दमोह देहात. तहसीलदार/कार्यपालिक दंडाधिकारी दमोह, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें की आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाये। इसी प्रकार अनुविभागीय दण्डाधिकारी दमोह आर.एल.बागरी ने अनुभाग दमोह अंतर्गत ग्राम इमलाई स्थित हाईडलबर्ग सीमेंट फैक्टरी इमलाई परिसर से 1000 मीटर की सीमा के दायरे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है। पारित आदेश में कहा गया है अनुभाग दमोह तहसील दमोह अंतर्गत ग्राम इमलाई में स्थित हाईडलबर्ग सीमेंट फैक्टरी इमलाई परिसर से 1000 मीटर की सीमा के दायरे कोई भी व्यक्ति, संगठन, संस्था या समूह बिना अनुविभागीय दंडाधिकारी अथवा सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का धार्मिक प्रदर्शन, सामाजिक प्रदर्शन, जुलूस, रैली, शोभायात्रा, ज्ञापन संभा या सामूहिक आयोजन आदि नहीं कर सकेंगे ।

## निशुल्क कोचिंग में निरंतर मेहनत करने की दी सीख



**जबेरा।** हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी में अध्यनरत जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को निशुल्क कोचिंग देने का कार्य जबेरा में विगत सात वर्षों से ऊर्जावान शिक्षक यदुवेश राय द्वारा किया जा रहा है। जिसमें शिक्षा ग्रहण का छात्र छात्राएं सफलता अर्जित कर रहे हैं। वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षक द्वारा दोनों पालियों में अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया गया और इस अंतिम सत्र की शुभकामनाएं देते हुए सभी छात्रों को विदाई दी गई। शिक्षक यदुवेश राय ने बताया कि छात्रों को पढ़ाई के दौरान आ रही परेशानी को दूर करने का हर संभव प्रयास किया गया है और छात्रों ने भी पूरे मनो भाव से अध्ययन कार्य किया है जिससे हमें विश्वास है कि सभी छात्र सफलता अर्जित करेंगे। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं को निशुल्क कोचिंग में स्वल्पाहार कराकर शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई।

## जनसुनवाई में 186 आवेदनों पर हुई सुनवाई



दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक-10 में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये हितग्राहियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 186 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।जनसुनवाई में 13 आधार कार्ड, महिला एवं बाल विकास 11 एवं 181 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले के ग्राम नोहटा, अभाना सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 30 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया।

## पटेरिया में श्रीमद् भागवत कथा का चल रहा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सगौनी

ग्राम पटेरिया में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। कथा वाचक पं. श्री विष्णुकान्त जी महराज श्रीधाम वृन्दावन (विवेक अवस्थी निवासी मझगुवां हंसराज) वालो के मुखारबिंद से श्रीमद् भागवत कथा सुनाई जा रही है। कथा में श्री कृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाया महराज जी ने बताया कि कंश के अत्याचारों से त्रस्त मथुरा वासियो की पुकार सुनकर देवकी के आठवें पुत्र के रूप में भगवान श्री कृष्ण ने अवतार लिया कृष्ण ने कंस को मारकर माता-पिता को कारागार से मुक्त कराया और नानाश्री को मथुरा का सिंहासन सौपा। कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बडी.धूमधाम से मनाया। नन्द के आंनद भयो जय कन्हैया लाल के सरीखें भजनो से पूरा पंडाल नाच उठा कथा में कृष्ण जन्म नन्दबाबा की झाकी सजाई गई। कथा का आयोजन श्रीवास सेन परिवार में चल रहा है जिसमें आचार्य विजय अवस्थी कथा श्रोता- दुलीचंद सेन पत्नी चंदरानी सेन रेल्वे स्टेशन सगोनी पटेरिया में कथा चल रही है। दीपक सेन लोगों से पधारकर धर्म लाभ लेने की

## नगरपालिका का विशेष मेगा वसूली शिविर आज

**दमोह।** दमोह नगर के करदाताओं की सुविधा के लिए 25 फरवरी, बुधवार को सुबह 10 बजे से कार्यालय नगरपालिका परिसर, स्टेशन रोड में विशेष मेगा वसूली शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में नगरपालिका सीएमओ राजेन्द्र सिंह लोधी ने बताया कि शासन द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की विशेष छूट देय राशि में समाहित की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विशेष छूट केवल 31 मार्च 2026 तक ही मान्य रहेगी। इसके बाद, 01 अप्रैल 2026 से यह छूट स्वतः समाप्त हो जाएगी और करदाताओं को पूर्ण बकाया राशि का भुगतान करना होगा। सीएमओ श्री लोधी ने नगर के समस्त करदाताओं से आग्रह किया कि वे 25 फरवरी को आयोजित मेगा वसूली शिविर में उपस्थित होकर अपने-अपने भवनों का बकाया संपत्ति कर जमा कर छूट का लाभ अवश्य प्राप्त करें।

## नोहटा क्लस्टर में संकल्प से समाधान शिविर, 22 ग्रामों से पहुंचे 434 नागरिक

**बनवार।** शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकासखण्ड जबेरा के ग्राम पंचायत नोहटा में 24 फरवरी 2026 को "संकल्प से समाधान" अभियान के तहत क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। जनपद पंचायत जबेरा के तत्वावधान में हुए इस शिविर में 22 ग्रामों के 434 नागरिक शामिल हुए और अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जबेरा डॉ. रामेश्वर पटेल, एसडीओ शिवाजी गौड़, मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह लोधी, महामंत्री उमराव सिंह लोधी, सरपंच प्रतिनिधि संदीप यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार शिविर में पूर्व से लंबित 211 आवेदनों के साथ 261 नये आवेदन प्राप्त हुए। पोर्टल



पर दर्ज कुल 2220 आवेदनों में से 2009 पूर्व दर्ज और 190 नये आवेदनों का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त 26 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ वितरित किए गए। शिविर में राजस्व, पंचायत, ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, मनरेगा, पेंशन और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े प्रकरणों पर सुनवाई की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रामेश्वर पटेल ने कहा कि ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसी उद्देश्य से क्लस्टर स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं और सभी आवेदनों का समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

एसडीओ शिवाजी गौड़ ने भी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, आवास, पेंशन और राशन कार्ड से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का नियमानुसार समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने गांव स्तर पर इस प्रकार के शिविरों के आयोजन को जनहित में उपयोगी और प्रभावी पहल बताया।

## मकान सूचीकरण एवं मकानो की गणना का कार्य का प्रशिक्षण संपन्न

**दमोह।** जनगणना निदेशालय भोपाल के निर्देशानुसार दमोह जिला मुख्यालय में जनगणना 2027 अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के संबंध में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सर्व शिक्षा अभियान सभाकक्ष दमोह में संपन्न हुआ। आगामी 1 मई से 30 मई की अवधि में जनगणना की निर्धारित प्रक्रिया संपन्न की जाएगी, जिसके तहत राज्य स्तर से नियुक्त प्रशिक्षकों द्वारा अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी ग्रामीण तथा नगरीय चार्ज अधिकारी एवं जनगणना लिपिकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मीना मसराम ने दो चरणों में संपन्न होने वाली जनगणना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा प्रशिक्षणार्थियो से दो दिवसीय प्रशिक्षण में जरूरी जानकारियों से अवगत होने व प्रश्नों का समाधान प्राप्त करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि जनगणना प्रक्रिया से संबंधित समस्त कार्यों का समय सीमा में संपादन महत्वपूर्ण है। इसलिए बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर गंभीरतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन किया जाए। इस दौरान विभिन्न चुनौतियों से निपटने के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त कर समन्वय के साथ जनगणना कार्यों के संपादन के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में नगरीय निकायों के सीएमओ और तहसीलदार का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रशिक्षण के उपरांत विभाग के अधीनस्थ लोकसेवकों तक इससे संबंधित जानकारियों को साझा किया जाए।इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मीना मसराम, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला योजना अधिकारी अलका दास, जिला सूचना अधिकारी एनआईसी, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चार्ज लिपिकगण मौजूद थे।

## प्रस्फुटन समितियों का क्षमता-वर्धन प्रशिक्षण संपन्न



**बनवार।** सेक्टर बनवार अंतर्गत माध्यमिक शाला परस्वाहा में प्रस्फुटन समितियों का क्षमता-वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक श्रीमती बंदना जैन ने समिति सदस्यों को संगठनात्मक मजबूती, ग्राम विकास की रणनीति और सामाजिक दायित्वों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। यह प्रशिक्षण नवांकुर संस्था श्री राम भक्त जन कल्याण समिति, मुवार के सानिध्य में आयोजित हुआ, जिसमें ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मनगुवा मानगढ़, प्रस्फुटन समिति बनवार, परस्वाहा, लरगुवा एवं झरौली की सक्रिय सहभागिता रही। सभी समितियों के अध्यक्ष, सचिव और सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन नवांकुर संस्था के प्रमुख कार्यकर्ता श्री चैन सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां भारती तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का स्वागत-वंदन किया गया तथा परस्वाहा के स्वदेशी सूचक हथकरघा से जुड़े श्री आनंद जैन का विशेष अभिनंदन किया गया। प्रशिक्षण में समिति की भूमिका और दायित्वों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया गया। पर्यावरण संरक्षण, पॉलिथीन मुक्त ग्राम, नशा-मुक्त एवं विवाद-मुक्त ग्राम निर्माण, नर्सरी स्थापना, वाचनालय व संस्कार केंद्र संचालन, जन सूचना केंद्र, समिति बोर्ड स्थापना जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। चौपालों के माध्यम से शिक्षा व स्वास्थ्य जागरूकता, जल संवर्धन, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता, कुरीतियों से मुक्ति, बाल विवाह व बाल श्रम रोकथाम, शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना, अतिक्रमण रोकना और सामाजिक समरसता के साथ त्योहार मनाने पर विशेष बल दिया गया।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन हेतु जिले में कुल 69 पंजीयन केन्द्र स्थापित

### 7 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक किसान पंजीयन

**दमोह ।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन हेतु जिले में कुल 69 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है, जिन पर 07 फरवरी से 07 मार्च 2026 तक किसान पंजीयन हेतु तिथि निर्धारित की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया किसान पंजीयन सप्ताकह के सभी कार्य दिवसों में रविवार एवं शासकीय अवकाश छोड़कर किया जावेगा। भूमि स्वामी अपना पंजीयन समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्र, ग्राम पंचायत में स्थोपित सुविधा केन्द्र , जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थारपित सुविधा केन्द्र एवं तहसील कार्यालयों में स्था पित सुविधा केन्द्र पर निशुल्क करा सकेगें। उन्होने बताया एम.पी किसान कियोस्कद, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र, निजी व्यदक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर पंजीयन शुल्कस 50 रू निर्धारित किया गया है। सिकमी/वनाधिकार पट्टाधारी कृषकों का पंजीयन सेवा सहकारी समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्र पर ही किया जावेगा। सिकमी पंजीयन हेतु अनुबंध निर्धारित प्रारूप में तहसीलदार के हस्ताक्षर से जारी अनुबंध ही मान्यन होगें जिसका रिकार्ड समिति द्वारा संधारित किया जाना अनिवार्य होगा । कृषकों को नवीन पंजीयन हेतु भूमी की जानकारी बी-1, आधार नंबर, बैक खाता नंबर की प्रति एवं मोबाईल नंबर की जानकारी पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध कराना होगी। किसान की भूमि एवं फसल के बोये गये रकबे की जानकारी गिरदावरी डाटाबेस से ली जावेगी। उन्होने बताया विगत वर्ष के पंजीयन में उल्लेखित आधार नंबर, बैक खाता, मोबाईल नंबर में किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज प्रमाण स्वरूप पंजीयन केन्द्र पर लाने होगें पंजीयन करानें एवं फसल बेचनें के लिये आधार नंबर का वेरीफिकेशन अनिवार्य होगा। वेराफिकेशन आधार नंबर से लिंक मोबाईल नंबर पर ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाईज से किया जावेगा। सफल पंजीयन की जानकारी एस.एम.एस के माध्यम से किसान को प्राप्त होगी जिसका पोर्टल से प्रिंट भी निकाला जा सकेगा।

## संत गाडगे जयंती धूमधाम से मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संत गाडगे जी महाराज की 150वीं जयंती के अवसर पर शहर में रजक समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा और विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय रजक महासंघ एवं रजक महा समाज संघ के पदाधिकारी और समाजजन मानस भवन के पास एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद बग्गी में विराजमान संत शिरोमणि गाडगे जी महाराज की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर रैली का शुभारंभ किया गया। यह भव्य शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई बड़ी देवी प्रांगण पहुंची, जहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में महिलाएं, बच्चे और पुरुष उत्साहपूर्वक शामिल हुए। डीजे की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कई समाजजनों ने हाथों में झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान भी चलाया। इस अवसर पर डॉ. हरीश रजक ने कहा कि संत गाडगे जी महाराज स्वच्छता और सामाजिक सुधार के जनक माने जाते हैं, इसलिए उनकी जयंती पर सफाई अभियान चलाकर उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं अध्यक्ष राकेश रजक ने बताया कि यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़ी देवी प्रांगण पहुंची, जहां यात्रा का समापन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय रजक महासंघ के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक राकेश उपस्थित रहे।

## खास बातें

### कई ग्राम पंचायतों में राशि नही मिलने से सामुदायिक भवन निर्माण अधूरे पड़े

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली कई ग्राम पंचायतों में पिछले पंचवर्षीय में स्टांप ड्यूटी व अन्य मद से स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शासन द्वारा राशि नही दिए जाने के कारण अधूरे पड़े जर्जर हालत में हो रहें हैं लेकिन विभाग द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है पिछले सरपंच के कार्यकाल खत्म हो गयें नये सरपंच के कार्यकाल को 3 वर्ष से ज्यादा होने वाला है पर अभी तक पिछले सामुदायिक भवन निर्माण पूर्ण नही हो पा रहे हैं किसी किसी पंचायत में 3 लाख की पहली किस्त तो किसी को 6 लाख रुपए की राशि मिली जबकि सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख व 2 लाख बाउंड्री वॉल के लिए मिलना थे समय पर राशि नही मिलने से सामग्री के दामों में वृद्धि हो जाती है जिससे फिर वह उक्त राशि में बन पाना कहां तक संभव है। ग्राम पंचायत असलाना में सामुदायिक भवन की पहली किस्त मिली उसके बाद शासन द्वारा राशि नही दी गई जिससे दीवार अकेली बनकर वर्षों से अधूरी पड़ी। हर निर्माण कार्य की राशि अगर समय से दी जाए तो काम भी समय पर हो और निर्माण एजेंसी को परेशानी भी नही होगी।

### युवा संगम कार्यक्रम में जिले का प्रदेश में तीसरा स्थान

**दमोह।** रोजगार आयुक्त गिरीश शर्मा ने बताया कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के नेतृत्व में "युवा संगम" कार्यक्रम अंतर्गत माह जनवरी 2026 में जिले में रोजगार मेला, अप्रेंटिसशिप मेला एवं स्वरोजगार से संबंधित गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इन आयोजनों के माध्यम से बड़ी संख्या में आकांक्षी युवाओं को रोजगार एवं प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए गए। उल्लेखनीय कार्यों के परिणामस्वरूप प्रदेश स्तर पर जिले को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। रोजगार आयुक्त श्री शर्मा ने कलेक्टर श्री कोचर के नेतृत्व की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार समन्वित एवं प्रभावी प्रयास जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की है।

### 10 मार्च को नारी शक्ति को समर्पित विशेष जनसुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में नारी शक्ति के सम्मान में एक विशेष पहल की जा रही है। इस क्रम मं 10 मार्च को आयोजित होने वाली जनसुनवाई को एक नए स्वरूप में आयोजित किया जाएगा, जो पूर्णतः महिलाओं को समर्पित होगी। उन्होने बताया कि इस विशेष जनसुनवाई में प्रशासन की ओर से कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी महिलाएँ रहेंगी। आवेदनों की सुनवाई अपर कलेक्टर मीना मसराम द्वारा की जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागों की महिला अधिकारी भी उपस्थित रहकर समस्याओं के निराकरण में सहयोग करेंगी। इस कार्यक्रम में जिले की महिला जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है।

करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी सुनार नदी अपनी दुर्दशा पर बहा रही आंसू

# सुनार नदी के अस्तित्व पर संकट गंदगी और कचरे से हो रही प्रदूषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अपनी निर्मलता और कल-कल बहती धारा के लिए विख्यात उपकारी हटा नगर की जीवनदायिनी सुनार नदी आज अपनी बदहाली पर आंसू बहाते हुए प्रदूषण और उपेक्षा की शिकार होकर अपनी पहचान खोती जा रही है। नदी का पावन जल अब नगर के गंदे नाले के पानी से प्रदूषित हो रहा है आलम यह है कि जो नदी कभी जीवनदायिनी थी, उससे अब बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

बता दें सुनार नदी शहर की एकमात्र जीवन दायिनी हैं, जो शहर के होकर बहती है। सुनार नदी शहर के जलस्त्रोतों को रिचार्ज करने में मदद करती है। वहीं नगर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। लेकिन नदी में शहर के गंदे नाले का बदवूदार पानी मिलने के कारण एवं सभी घाटो पर फैली गंदगी से हरी चोई बन गई जिससे सुनार की दुर्दशा और गंदगी देखकर लोग अब आसानी से एक लोटा जल भरने में भी संकोच कर रहे हैं। घाटों पर पानी की सतह पर हरी चादर साफ दिखाई दे रही है, जिससे स्नान और धार्मिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पूर्व वर्षों में पंचमनगर बांध से समय-समय पर पानी छोड़े जाने से नदी का प्रवाह बना रहता था और नालों की गंदगी बह जाती थी। इस बार पानी नहीं छोड़े जाने से हालात बिगड़ गए हैं और घाटों पर बदबू बढ़ती जा रही है।

नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे ने बताया कि पंचमनगर बांध से पानी छोड़े जाने के लिए पत्र भेजा गया है। साथ ही गंदे नालों के पानी को सीधे नदी में मिलने से रोकने के लिए अस्थायी बोरी बांध बनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही जल गुणवत्ता सुधार के प्रयास किए जाएंगे।

फिलहाल सुनार नदी की बिगड़ती स्थिति नगर के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। नगर के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते स्थायी समाधान नहीं किया गया तो गर्मी के मौसम में प्रदूषण और गंभीर रूप ले सकता है, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों पर असर पड़ेगा।

## यातयात पुलिस ने चालानी कार्यवाही में एक लाख से अधिक जुर्माना बसूला

**दमोह।** ओवर लोड भारी वाहन पर यातायात पुलिस की कार्यवाही पर माननीय न्यायालय द्वारा 1,12,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के निर्देशन एवं सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के मार्गदर्शन में दलवीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनो की चेकिंग कर कार्यवाही की जा रही है । दिनांक 23.02.2026 को निरीक्षक दलवीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा थाना स्टाफ के साथ वाहन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान वल्कर क्रमांक RJ 19 GJ 0819 भार क्षमता से ज्यादा 16 टन एवं वल्कर क्रमांक RJ 19 GJ 0818 भार क्षमता से ज्यादा 20 टन माल परिवहन करते हुये पाये जाने पर जप्ती पंचनामा तैयार कर वाहन जप्त किया गया था।जिसके प्रकरण निराकरण हेतु दिनांक 24.02.2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने पर क्रमशः 52,000 हजार एवं 60, 000 कुल 1,12,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## कर्मचारियों की मांगों को लेकर होगा देशव्यापी विशाल धरना प्रदर्शन

**दमोह।** भारतीय मजदूर संघ के अनुसांगिक संघठन मध्यप्रदेश राज्य संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला चिकित्सालय दमोह के अध्यक्ष संदीप चौबे मंटू, जिला मंत्री दम्मू रजक ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ के धरना प्रदर्शन मे संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की मांगों को लेकर महती उपस्थिति रहेगी। जिसमें कार्यकारिणी अध्यक्ष डा. एच.एस. सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष कीर्ति मिश्रा, कोषाध्यक्ष छोटे लाल चौरसिया, अंकित मिश्रा, पुनीत मिश्रा, कल्पना अहिरवार, मनीष राय, भागवाई पटेल, जयंती सूर्यवंशी, दीपक दुबे, तहसीलदास गुर्जर, डालचंद अहिरवार, केशराम अहिरवार, अरविन्द कुर्मी, प्रज्ञा श्रीवास्तव, तरूण तिवारी, तरूण कोरी, कृष्णकांत प्रजापति, गनेश प्रजापति, शिवांगी प्रधान, रंजीत रोहित, अनुराग तिवारी, अंचल दुबे, भरत रैकवार, उपेन्द्र जड़िया आदि की उपस्थिती अपनी मांगो को लेकर रहेगी।

## बस ऑपरेटर्स यूनियन की मांगों पर प्रशासन गंभीर- कलेक्टर

### 2 मार्च प्रस्तावित हड़ताल को लेकर बस ऑपरेटर्स से विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



आगामी 2 मार्च से प्रस्तावित बसों की हड़ताल के संबंध में कलेक्टर सुधीर कोचर ने दमोह के बस मालिकों से उनके द्वारा दिये गए मांग पत्र के संबंध में आयोजित बैठक में चर्चा की। कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित बैठक में संगठन के उपाध्यक्ष करण सिंह परिहार और सचिव समीम कुरेशी ने प्रदेश स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में दिए गए मांग पत्र पर विस्तार से बताया। बैठक में एसडीएम आरएल बागरी, ट्रैफिक टी.आई दलबीर सिंह मार्को सहित बस ऑपरेटर्स उपस्थित थे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यदि मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो प्रदेशव्यापी बस हड़ताल 2 मार्च से शुरू की जा सकती है। श्री कोचर ने स्पष्ट किया कि बस ऑपरेटर्स की प्रमुख मांगें राज्य शासन से संबंधित हैं। अतः जिला प्रशासन द्वारा सभी मांगों को समुचित नियमानुसार निराकरण के लिए तत्काल राज्य शासन को पत्र के माध्यम से प्रेषित किया जा रहा है। बैठक के दौरान सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संभावित हड़ताल की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था की तैयारी सुनिश्चित की जायेगी।कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि यदि किसी कारणवश निर्धारित समय तक समाधान नहीं हो पाता है, तो जिला प्रशासन रेलवे एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा, ताकि आम नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो। उन्होने बताया बैठक सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई। बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने भी प्रशासन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

मुनि संघ के सानिध्य में निकली भव्य घट यात्रा से हुआ शुभारंभ

# श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान हेतु समोशरण में हुई श्रीजी की स्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नगर की उमा मिस्त्री की तलैया में सकल जैन समाज के द्वारा अष्टानिका महापर्व पर श्री 1008 चौबीस समोशरण अर्हतचक्र महामंडल विधान का भव्य आयोजन संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महामुनि राज एवं आचार्य गुरुवर श्री समय सागर जी के आशीर्वाद से किया जा रहा है। आठ दिनों तक चलने वाले इस मंगलमय आयोजन का शुभारंभ मंगलवार को आचार्य श्री के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी एवं पदम सागर जी तथा छुल्लक श्री तात्पर्य सागर जी के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रातः बेला में सिटी नल से घट यात्रा का शुभारंभ हुआ। जिसमें नगर के सभी जिनालयों से आए श्री जिन विम्ब को विमान जी में विराजमान किया गया। पुराना थाना टॉकीज घंटाघर पलंदी चौराहा राय चौराहा से पुनः घंटाघर नया बाजार होते हुए घट यात्रा कार्यक्रम स्थल उमा मिस्त्री की तलैया पहुंची। रास्ते में जगह-जगह रंगोली सजाकर आरती करके अगवानी की गई तथा मुनि श्री का पाद प्रच्छालन करके भक्तों ने आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पचरंगा ध्वज ढोलबाजों के साथ भक्ति मय उल्लास के साथ बालिका महिला मंडल शिरपुर घट लेकर शामिल हुआ। धवल केसरिया बस्त्रो में युवा पुरुष वरिष्ठ वर्ग ने अपनी सहभागिता दर्ज की। महामंडल विधान स्थल पहुंचने पर मुनि संघ के सानिध्य में दीपक भैया, अभिषेक भैया एवं प्रतिष्ठा कर सुरेश शास्त्री के द्वारा मन्त्रोंच्चारण के बीच ध्वजारोहण तथा मंडप प्रवेश की विधि संपन्न कराई गई। ध्वजारोहण करने का प्रथम सौभाग्य मीनू जैन संगम परिवार को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात महिलाओं द्वारा घट में लाए गए प्राशुक जल से मंडप शुद्धि की गई। विधान के महापात्राओं के साथ श्रावक श्रेष्ठी जनों ने अभिषेक शांति धारा संपन्न की। मुनि श्री को शास्त्र भेंट किए गए तत्पश्चात मुनि श्री की मंगलमय देशना का लाभ सभी को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विधि मन्त्रो के साथ मुख्य समोशरण के साथ 24 समोशरण में श्री जिन बिंबो की स्थापना श्रावक श्रेस्ठी जनों के द्वारा की गई। सकलीकरण उपरांत विधान पूजन से प्रथम दिन का अनुष्ठान संपन्न हुआ। बुधवार को द्वितीय दिवस प्रातः 6:30 बजे से अभिषेक क्रिया प्रारंभ हो जाएंगी। तत्पश्चात श्री जी के अभिषेक पूजन उपरांत श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान प्रारंभ होगा। जिसमें मुख्य पात्रों को अलग-अलग मंडल के साथ बैठकर पूजन अर्चन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। इंद्र इंद्राणियों को पंडाल के बीच में पूजन करने का अवसर लाभ प्राप्त होगा। प्रातः 8:30 बजे से मुनि श्री की दिव्या देशना का लाभ सभी को मिलेगा। विधान आयोजन समिति के संयोजक महेश दिगंबर ने सकल जैन समाज से समय पर सभी आयोजनों में शामिल होकर पुण्यार्जन की अपील की है।

## सिंग्रामपुर में सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ



**सिंग्रामपुर।** आचार्य 108 विद्यासागर महाराज जी के आशीर्वाद एवं नवाचार्य समय सागर महाराज जी की प्रेरणा से, पंडित वीरेंद्र कुमार (गैरतगंज) के सानिध्य में सिंग्रामपुर में 24 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित होने वाले सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत 24 फरवरी को भव्य घटयात्रा एवं ध्वजारोहण के साथ की गई। गाजे-बाजे के साथ श्रीजी की भव्य शोभायात्रा की अगवानी कर कार्यक्रम स्थल तक लाया गया, जिससे पूरा वातावरण धर्ममय हो उठा। ध्वजारोहण करने का सौभाग्य मुन्ना लाल जैन को प्राप्त हुआ, वहीं संध्या कालीन महाआरती का सौभाग्य सुनील कुमार सिंघई को मिला। प्रातःकालीन कार्यक्रमों में अभिषेक, शांतिधारा एवं विधान पूजन विधि-विधानपूर्वक संपन्न किए गए। रात्रि में विशेष सौधर्मेंद्र दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।

### मुख्य पात्रों का चयन

विधान के लिए मुख्य पात्रों का चयन बोलियों के माध्यम से किया गया। इस पुण्य अवसर पर मुख्य पात्र बनने का सौभाग्य जिन श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ, उनमें शामिल हैंः आनंद सिंघई ,जय कुमार सिंघई, सुनील सिंघई ,सुभाष सिंघई,सुधीर सिंघई,चंद्र कुमार जैन,नरेंद्र जैन,आरती जैन पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह एवं भक्ति भाव देखने को मिला। 3 मार्च तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन विभिन्न पूजन, विधान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## चाकूबाजी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शस्त्र रखने वाले एवं चाकूबाजों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में दिनांक 24.02.2025 को पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन, अति० पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के मार्गदर्शन में निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर दमोह शहर में पृथक- पृथक 03 आरोपियों को अवैध रुप से धारदार चाकू लिए पाये जाने पर आरोपियों के विरुद्ध क्रमशः अपराध क्रमांक 173/2026, 174/2026 एवं 176/2026 धारा 25 (1-B) (b) आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिये गये। आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गयी। मामले में गिरफ्तार आरोपी राधे मोहन गुप्ता पिता गनेश प्रसाद गुप्ता उम्र 24 वर्ष निवासी उमा मिस्त्री की तलैया नया बाजार नं. 1 दमोह, प्रेम उर्फ पुष्पेन्द्र ठाकुर पिता खिलान ठाकुर उम्र 19 वर्ष निवासी महाकाली चौराहा दमोह, पवन बेन पिता महादेव बेन उम्र 18 वर्ष निवासी नया बाजार न. 02 दमोह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 03 लोहे के धारदार चाकू जब्त किये गये। आरोपियों को पकडने में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, सउनि साहब सिंह, प्र.आर. अजित दुबे, देवेन्द्र रैकवार, अभिषेक चौबे, महेश यादव, कलीम खान, आर. नरेन्द्र पटैरिया, ब्रिजेन्द्र मिश्रा, आकाश पाठक का सराहनीय सहयोग रहा।

## 21 वाँ राष्ट्रीय नाट्य समारोह का कल से होगा शुभारंभ

### पांच दिवसीय आयोजन में राष्ट्रीय चेतना के साथ समसामयिक विषयों पर होगी प्रस्तुतियां

**दमोह।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से युवा नाटक मंच के द्वारा 21वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन 26 फरवरी 2026 दिन गुरुवार से नगर के अस्पताल चौक स्थित मानस भवन में किया जा रहा है। इस वर्ष नाट्य समारोह पांच दिवसीय होगा जिसमें प्रत्येक दिन अलग-अलग रंग संस्था द्वारा नाटकों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। 26 फरवरी से 2 मार्च तक चलने वाले इस राष्ट्रीय नाट्य समारोह में इस वर्ष राष्ट्रीय चेतना, समसामयिक विषयों सहित भारतीय इतिहास की गौरवपूर्ण गाथाओं पर आधारित नाटकों का मंचन होगा। राष्ट्रीय नाट्य समारोह की प्रथम दिवस बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी की प्रसिद्ध कहानी आनंद मठ का मंचन किया जाएगा। मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय की इस प्रस्तुति में कहानी का नाट्य रूपांतरण राजीव श्रीवास्तव ने और निर्देशन राष्ट्रीय नाटक विद्यालय के संजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया है। समारोह के दूसरे दिवस 27 फरवरी को पुनः मध्य प्रदेश नाटक विद्यालय के द्वारा लेखिका और टीवी अभिनेत्री समता सागर द्वारा रचित और संजय श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित हास्य नाटक गुड़िया की शादी का मंचन किया जाएगा। 28 फरवरी शनिवार को सुरभि थियेटर ग्रुप मुंबई महाराष्ट्र के द्वारा प्रसिद्ध उपन्यासकार रामधारी सिंह दिनकर के द्वारा रचित नाटक रश्मिरथी का मंचन किया जाएगा जिसके निर्देशक हरीश हरिऔध हैं। समारोह के चौथे दिवस 1 मार्च को स्ट्रीट फैक्ट कल्चर एवं वेलफेयर सोसाइटी भोपाल के द्वारा वसीम अली और जैकी भावसार द्वारा लिखित नाटक लाछिया का मंचन किया जाएगा जिसका निर्देशन वसीम अली द्वारा किया गया है। समारोह के समापन दिवस पर युवा नाट्य मंच के द्वारा डॉ उमेश चौरसिया द्वारा लिखित और राजीव अयाची द्वारा निर्देशित नाटक लोकमाता अहिल्या की प्रस्तुति होगी। प्रत्येक नाटक की प्रस्तुति शाम 6:30 पर होगी।

## आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने विधायक ने सौंपा पत्र



**हटा।** विधायक उमादेवी खटीक के अथक प्रयासों से विगत वर्ष हटा में आईटीआई की सौगात प्राप्त हुई थी जिससे इस वर्ष 26-27 में नवीन सत्र की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान करने हेतु उमादेवी ने विधानसभा भोपाल में कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्री गौतम टेटवाल से हटा में स्वीकृत हुई आईटीआई को प्रारंभ करने को लेकर चर्चा की। जिससे संबंध में विधायक उमादेवी खटीक ने बताया कि प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री से मांग की गई कि नगर व क्षेत्र के युवाओं को आईटीआई में आगामी सत्र 2026-27 में नवीन प्रवेश प्रक्रिया शासकीय स्नातक महाविद्यालय हटा की अतिरिक्त नवीन बिल्डिंग में संचालित किए जाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने बताया कि कॉलेज में आईटीआई संचालन हेतु एनओसी पूर्व में प्रदान की जा चुकी हैं वहीं आईटीआई भवन निर्माण हेतु जमीन आरक्षित हो गई है। एवं आईटीआई भवन का डीपीआर तैयार हो गया है, जिसे शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की लिखित में मांग की है जिससे विधानसभा क्षेत्र के छात्र/छात्राओं को सर्वसुविधायुक्त आईटीआई भवन में अध्ययन का लाभ मिल सके।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह (म.प्र.)**

क्र./निविदा/2026/1926 — ***निविदा आमंत्रण सूचना*** — हटा, दिनांक 23/02/2026

एतद् द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हटा को निम्नलिखित कार्य हेतु आईटम दर के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| क्रं. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_484624_1 24-02-2026 | एल्यूमीनियम फेमिंग एवं स्टील ग्रिल फिटिंग कार्य हेतु दर आमंत्रण | 1- वित्तीय वर्ष 2026-27 2- 5.00 लाख | 1- 2000.00 2- 5000.00 | 12-03-2026 |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हटा, जिला दमोह